**HIN2A08b**
(< G.C.S.E. Hindi, J.S.NAGRA &S.K.NAGRA, Nagra Publications, Coventry, UK)
(< कक्षा ६ के लिए व्याकरण वाटिका, डॉ० अनुराधा, Madhubun Educational Books, Delhi, 2e edition, 2077)

# पत्रों के कुछ नमूने

**निजी पत्र :**

१ –

४५, ईगल स्ट्रीट, लीड्ज़
१८, अगस्त २००६

प्यारे अविनाश,

बहुत-बहुत प्यार । हम इस वर्ष तुम्हारे जन्मदिन पर नहीं आ सकेंगे । न आने का कारण यह है कि उसी दिन मेरे एक घनिष्ठ मित्र की बेटी का विवाह है और मेरा तथा तुम्हारी चाचीजी का इस विवाह में जाना अति आवश्यक है ।

हम तुम्हें एक छोटा रेडियो अपनी तरफ़ से उपहार के तौर पर भेज रहे हैं । आशा है कि तुम इसको पसन्द करोगे । तुम्हारी "जी.सी.एस.ई." की परीक्षा भी अब करीब है । इसलिए पढ़ाई दिल लगाकर करना ताकि तुम्हारे अच्छे ग्रेड आएँ ।

अशोक तथा रेखा की तरफ़ से नमस्ते । उत्तर शीघ्र देना ।

तुम्हारा चाचा,
कृष्ण कुमार

२ -

३०, ट्रीनीटी स्ट्रीट,
साऊथाल, मिडलसेक्स
२३, अक्तूबर १९९८

प्यारी नीतू,

नमस्ते । पत्र लिखते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे भाई का विवाह २० दिसम्बर को होना है । इस खुशी के अवसर पर मुझे भी अपनी सहेलियों को निमन्त्रण-पत्र भेजने की आज्ञा दी गई है । मैं आपको बहुत प्रार्थना करती हूँ कि इस अवसर पर आप ज़रूर दर्शन देना ।

बारात २० दिसम्बर सुबह छ: बजे चलेगी । इस कारण आप १९ दिसम्बर शनिवार को ज़रूर पहुँच जाना । यह बारात बरमिंघम जा रही है । आपको पता ही है कि मैं बरमिंघम अभी नहीं गई तथा न ही मिडलैंड का इलाका देखा है । हम इकट्ठे ही बारात के साथ जाएँगे । साथ ही आप भी बरमिंघम देख सकते हो । मैंने करुणा को भी अभी पत्र लिखा है । उसको भी बहुत प्रार्थना की है कि १९ दिसम्बर को ज़रूर पहुँच जाए । आशा है कि उसका भाई उसको लेकर आएगा । अगर तुम उससे पूछ लें तो वह तुम्हारी सड़क से गुज़र सकते हैं तथा आप इकट्ठी ही पहुँच सकती हैं ।

आपकी सहेली,
प्रमीला

३ - ७, इंद्रप्रस्थ
नई दिल्ली
३० अप्रैल २००४

पूजनीय दादी माँ,

प्रणाम !

आज मुझे नए विद्यालय में आए एक सप्ताह हो गया है । दादी माँ, दिल्ली का विद्यालय हमारे गाँव के विद्यालय से काफ़ी अलग है । मेरे नए स्कूल में जीव-विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला एक ही कमरे में नहीं हैं, अपितु तीन अलग-अलग कमरों में हैं । खेलकूद के लिए बड़ा-सा मैदान है जहाँ पर हर तरह के खेल --जैसे बॉस्केट बॉल, फ़ुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट खेलने की सामग्री है और छोटे बच्चों के लिए झूले भी हैं । सुबह प्रार्थना सभा एक बड़े-से प्रेक्षाभवन में होती है । मेरा विद्यालय सचमुच बहुत विशाल है ।

आप सोच रही होंगी कि इस विद्यालय में आकर मैं बहुत खुश हूँ । एक-दो दोस्त तो बन गए हैं ; पर दादी माँ, यहाँ पर अभी अपनापन नहीं लगता । .../...

दादू से मेरा प्रणाम कहिएगा । चाचा-चाची को नमस्कार ! बतख़ के चूज़े होने पर राजू को बधाई और प्यार ।

आपकी बिटिया

हिना

**सरकारी और व्यापारिक पत्र :**

**१ - (किसी पुस्तक विक्रेता को किताबें पार्सल द्वारा भेजने के लिए पत्र)**

अशोक कुमार
१५, पार्क रोड, स्लोह
१०, मई २००३

सेवा में, मैनेजर साहिब,
ठाकुर बुक स्टाल,
१०२, दी ग्रीन,
साऊथाल, मिडलसेक्स

श्रीमान जी,

निवेदन है कि मुझे निम्नलिखित पुस्तकों की एक कॉपी शीघ्र अति शीघ्र पार्सल द्वारा भेजने की कृपा करें। मुझे इन पुस्तकों की शीघ्र ज़रूरत है ।

धन्यवादी होने का अवसर प्रदान करें ।

१- हिन्दी शब्दकोश (अलोक निर्मल)
२- हिन्दी मेड ईज़ी (राकेश कुमार)
३- गोदान, उपन्यास (मुंशी प्रेमचंद)

आपका शुभचिन्तक,
अशोक कुमार

**२ - संपादक को पता ठीक करने के लिए पत्र**

विपुल त्रिपाठी
बी-२५, गोमती नगर
लखनऊ-२२६००१
२५ मार्च २००४

संपादक
"बाल विहार"
५/६ दरियागंज
नई दिल्ली-११०००२

**विषय** : पता ठीक करवाने के लिए पत्र

महोदय,

मैंने "बाल विहार" की वार्षिक सदस्यता ग्रहण की थी । मेरी सदस्यता अनुक्रमांक ७७/बी.वी. ९८ है । मुझे पत्रिका मिल तो रही है पर उस पर मेरे घर का पुराना पता डी-४, सुंदरम फ्लैट्स होने के कारण पड़ोसी मित्र के घर पहुँच जाती है । अत:

कृपया अपने रिकार्ड में मेरा नया पता ठीक कर लें ताकि इस प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

कृपया पता ठीक करके इसकी सूचना मुझे भेज दीजिए।

सधन्यवाद।

भवदीय

विपुल

**३ - शिकायती पत्र**

२२०, पार्क रोड,
वाईकन, कावेंट्री
१५, सितम्बर १९९८

सेवा में

चीफ़ कांस्टेबल साहिब,
पुलिस स्टेशन,
लिटल पार्क स्ट्रीट, कावेंट्री

श्रीमानजी,

प्रार्थना है कि हमारे इलाके वाईकन में कुछ नौजवान लड़कों ने बहुत ऊधम मचाया हुआ है। उन्होंने लोगों की नाक में दम किया हुआ है। रात के बारह बजे तक बिना वजह सड़कों पर घूमते रहते हैं। बहुत ऊँची-ऊँची बोलते हैं और इतना शोर करते हैं कि लोगों का रात को सोना मुश्किल हो गया है।

रात के समय कोई शरीफ़ आदमी बाहर नहीं जा सकता। अगर कोई भूल से चला भी जाए तो उसकी मार-पीट करते हैं तथा उसके पैसे छीन लेते हैं। कुछ ही दिनों की बात है कि वह टोली एक बेचारी बुढ़िया के घर बलपूर्वक घुस गई। उसे एक तो मारा-पीटा और साथ ही उस बेचारी से सौ पौंड जो उसके पास थे छीन लिए। इस प्रकार की घटनाएँ दिन प्रति दिन बढ़ रही हैं।

इसलिए आपके आगे प्रार्थना की जाती है कि इस स्थिति को रोकने के लिए कुछ न कुछ ज़रूर किया जाए ताकि लोग अपना सुरक्षित तथा शांतमय जीवन व्यतीत कर सकें।

धन्यवाद सहित,
आप जी का सेवक,
राम कुमार

**४ - कमरे की अव्यस्तता के बारे में**

दोआब होटल,
सेक्टर १५, चण्डीगढ़
२० सितम्बर २००६

श्री योगेश कुमार,
२२, डेन रोड,
लिवरपूल, इंग्लैंड

श्रीमान जी,

आपके पत्र के लिए बहुत धन्यवाद। हमें यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि आप दिसम्बर में चण्डीगढ़ आ रहे हैं। हमारे पास, जब आपको दिसम्बर में आना है, एक कमरा ख़ाली है। इस कमरे में एक स्नानघर तथा शावर भी है।

कमरे में टेलिविज़न, टेलीफ़ोन, डबलबैड तथा चाय बनाने की सुविधा है। यह कमरा दूसरी मंज़िल पर है। होटल में स्वीमिंग पूल भी है जिसे होटल में रहनेवाले सभी यात्री मुफ़्त प्रयोग कर सकते हैं।

कमरे का एक रात तथा एक दिन का किराया सात सौ पचास रुपए है। हम आपकी अच्छे प्रकार से देखभाल करेंगे।

आप जी का सेवक,
अनिल
मैनेजर

**नौकरी के लिए आवेदन पत्र - ढाँचा**

दिनांक xx.xx.xxxx

सेवा में,
(प्रापक : पदवी / पता)

विषय : xxx के पद के लिए आवेदन पत्र

महोदय/महोदया,

(अख़बार का नाम) के (तारीख़) में दिए गए विज्ञापन के अनुसार मैं xxx के पद के लिए अपनी सेवाएँ प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। मेरी शैक्षणिक योग्यताएँ तथा अनुभव संबंधी विवरण नीचे दिया गया है :

नाम
जन्म
शिक्षा
अनुभव

(दूसरी सूचनाएँ ... )
(अभिप्रेरण ... )
आशा है आप मुझे अवसर देकर कृतार्थ करेंगे/गी।
सधन्यवाद,

भवदीय/भवदीया,
(प्रेषक के हस्ताक्षर, नाम और पता)